संख्या–cm-556
07/11/2021

उप राष्ट्रपति बिहार दौरे के बाद पटना से रवाना, हवाई अड्डे पर उन्हें विदाई दी गई

पटना, 07 नवम्बर 2021 :– उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडू के दो दिवसीय बिहार दौरे के बाद एयर इंडिया के विमान से पटना से दिल्ली रवाना हुये। उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडू को पटना हवाई अड्डा पर राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विदाई दी तथा उनके सुखद यात्रा की कामना की।

हवाई अड्डे पर उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडू को बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, श्रम संसाधन मंत्री श्री जिवेश कुमार, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, मेयर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री संजय कुमार अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक पटना रेंज श्री संजय सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा ने भी उन्हें विदाई दी।

******